निविदा प्रपत्र मूल्य 1000/-

Chhattisgarh Board of Secondary Education Raipur

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

# खुली निविदा – प्रपत्र

**गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु वाहन व्यवस्था संबंधी।**

**निविदा हेतु निर्धारित तिथियाँ**

| विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|
| प्री बीड कॉन्फ्रेन्स | 01.09.2026 | दोपहर 01:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | 08.09.2026 | दोपहर 01:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र आमंत्रण की अंतिम तिथि | 08.09.2026 | अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि | 08.09.2026 | सायं 04:00 बजे |

नियम एवं शर्ते

Scanned with OKEN Scanner

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

एकीकृत भवन, प्रथम तल, वाहन शाखा

निविदा सूचना क्र0/5714/वाहन शाखा/2026

प्रति,

रायपुर दिनांक 03.08.26

मेसर्स.................................................

.........................................................

.........................................................

विषयः– वर्ष 2026–27 की गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों ,टाटा एस, डी–आई वाहनों की व्यवस्था संबंधी।

———00———

वर्ष 2026–27 के लिए मण्डल के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों ,टाटा एस, डी–आई वाहनों की व्यवस्था के लिए वाहन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की वेबसाईट cgbse.nic.in से डाऊनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रूपये 1000/– (रूपये एक हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक या यूको बैक पेंशन बाड़ा, रायपुर में जमा चालान की प्रति जो, सचिव छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के नाम से देय हो, संलग्न की जावेगी।

निविदा फार्म के साथ निम्नलिखित प्रपत्र संलग्न हैः–

1. निविदा जमा करने हेतु उपरीपत्र (परिशिष्ट ''अ'')
2. दर संबधी प्रपत्र परिशिष्ट ''ब'' (बस की दर के लिये प्रपत्र ''क'' एवं ट्रकों की दर के लिये प्रपत्र ''ख'')
3. निविदा की शर्ते एवं नियम (परिशिष्ट ''स'')

निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट अथवा पी एंड टी विभाग से अधिकृत कोरियर के द्वारा प्राप्त की जायेगी तथा एकीकृत भवन, भू–तल में उप सचिव (प्रशासन) के कक्ष क्रमांक–6 में रखे टैण्डर बाक्स में डाली जायेगी। किसी भी माध्यम से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक. ..........................दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है। अंतिम तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

3/8/26

सचिव,
छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
रायपुर

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट– ''अ''

## उपरी – पत्र

प्रति,

सचिव,
छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
रायपुर

विषयः– वर्ष 2026–27 की गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों ,टाटा एस, डी–आई वाहनों की व्यवस्था संबंधी।

संदर्भः– आपका निविदा क्र0/ /वाहन/2026, रायपुर दिनांक ..................

महोदय,

हम/मैं अपनी दरें संलग्न निविदा फार्म क्रमांक.........................भरकर प्रस्तुत कर रहें हैं/रहा हूँ। हमने/मैनें, सचिव, छ0ग0 माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की सत्र 2026–27 हेतु मण्डल के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों ,टाटा एस, डी–आई वाहनों की व्यवस्था हेतु प्रकाशित सूचना क्रमांक...............................दिनांक.......................... /वाहन/2026 के नियमों एवं शर्तो का भली भांति अध्ययन कर लिया है, हम/मैं इन शर्तो एवं नियमों को पूर्ण रूप से मानने के लिये सहमत हैं/हूँ एवं हमारे/मेरे द्वारा निम्न दस्तावेज संलग्न किये गये हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | संकल्प धनराशि के लिये ..............................बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक क्रमांक................................. | |
| 02 | निविदाकर्ता के फर्म का नाम एवं पता | |
| 03 | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनी/फर्म एवं सोसायटी/नगर निगम से फर्म का पंजीयन | |
| 04 | वाहन का पंजीयन, वाहन का फिटनेस, वाहन का इंश्योरेन्स एवं वाहन परिचालन का परमिट। | |
| 05 | पेन नंबर | |
| 06 | जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नंबर एवं भुगतान का प्रमाण पत्र। | |
| 07 | आयकर चुकता प्रमाण पत्र की छायप्रति (2023–24, 2024–25, 2025–26) | |
| 08 | 02 बस , 02 ट्रक निविदाकर्ता के नाम से अथवा किसी अन्य फर्म के साथ जिनके स्वयं के नाम का वाहन हो से 01 वर्ष के लिये अनुबंधित हो साथ ही अनुबंध संबंधी स्टाम्प पेपर की छायाप्रति , वाहन का पंजीयन, वाहन का फिटनेस, वाहन का इंश्योरेन्स एवं वाहन का परिचालन का परमिट संबंधित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ..................................

फर्म का पद मुद्रा ..............................................

दिनांक..............................................................

Scanned with OKEN Scanner

| परिशिष्ट "ब" |
| --- |
| प्रपत्र "क" |

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
## निविदा की दरें

मण्डल के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु प्रदेश के सभी जिलों के लिये बसों की व्यवस्था की दरें:–

(क)

| स0क0 | वाहन का प्रकार | प्रति दिवस प्रथम 50 कि0मी0 हेतु दर | प्रति दिवस प्रथम 50 कि0मी0 से अधिक प्रति कि0मी0 दूरी हेतु दर |
| --- | --- | --- | --- |
| 01 | 32 सीटर बस | | |
| 02 | 52 सीटर बस | | |

दरें ड्रायवर, क्लीनर ,डीजल, पेट्रोल तथा लोडिंग, अनलोडिंग, हाल्टिंग चार्ज, टोल टैक्स एवं समस्त करों सहित।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर..............................**

**दिनांक..........................................................**

**फर्म की मुद्रा.................................**

कार्यालय छ0ग0 माध्यमिक शिक्षा मण्डल के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु वाहन व्यवस्था उपरोक्त दर पर करने हेतु तथा छ0ग0 भण्डार क्रय नियम के पालन हेतु सहमत हूँ तथा विभाग से अनुबंध निष्पादित करने के लिये बाध्य रहूँगा एवं सभी प्रकार के करों का जो भी भुगतान होगा वहन करूंगा। मेरे द्वारा नियम एवं शर्तो का अध्ययन कर लिया गया है, जिसके लिये मैं सहमत हूँ।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर :–............................**

**निविदाकर्ता के नाम :– ................................**

**मोबाईल नंबर :– ...........................**

**नोट:– प्रस्तुत दरों में किसी भी प्रकार का उपरी लेखन (कॉट–छांट) मान्य नहीं किया जावेगा। कोई भी निविदाकर्ता (क) बसों (ख) ,खुली बॉडी ट्रकों, टाटा एस डी– आई वाहन आदि में से (क) एवं (ख) दोनों अथवा किसी एक के लिये भी अपनी दरें प्रस्तुत कर सकता है।**

Scanned with OKEN Scanner

| परिशिष्ट "ब" |
|---|
| प्रपत्र "ख" |

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
## निविदा की दरें

मण्डल के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु प्रदेश के सभी जिलों में कार्य किये जाने हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों तथा टाटा एस, डी–आई की व्यवस्था के लिये दरें:–

(ख)

| स0क0 | वाहन का प्रकार | प्रति दिवस प्रथम 50 कि0मी0 हेतु दर | प्रति दिवस प्रथम 50 कि0मी0 से अधिक प्रति कि0मी0 दूरी हेतु दर |
|---|---|---|---|
| 01 | 10 टन क्षमता के ट्रक (खुली बॉडी) | | |
| 02 | 05 टन क्षमता के ट्रक (खुली बॉडी) | | |
| 03 | टाटा एस वाहन/टाटा डी आई 407/महेन्द्रा पिकअप/अशोक लीलैण्ड | | |
| 04 | 03 टन क्षमता के ट्रक (खुली बॉडी) | | |

दरें ड्रायर, क्लीनर, डीजल, पेट्रोल तथा लोडिंग, अनलोडिंग, हाल्टिंग चार्ज, टोल टैक्स एवं जी एस टी तथा समस्त अन्य करों सहित।

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर :–............................

निविदाकर्ता का नाम :–............................

मोबाईल नंबर :–.........................

नोट:– प्रस्तुत दरों में किसी भी प्रकार का उपरी लेखन (कॉट–छांट) मान्य नहीं किया जावेगा कोई भी निविदाकर्ता (क) बसों (ख) खुली बॉडी ट्रकों, टाटा एस डी– आई वाहन आदि में से (क) एवं (ख) दोनों अथवा किसी एक के लिये भी अपनी दरें प्रस्तुत कर सकता है।

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट ''स''

# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

## एकीकृत भवन, प्रथम तल, वाहन शाखा

निविदा सूचना क0/५७१५/वाहन शाखा/2026 रायपुर दिनांक 03.08.26

**(01) नियम शर्ते एवं अन्य जानकारी निम्नानुसार है:–**

1. छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की वर्ष 2026–27 के लिये मण्डल के गोपनीय सामग्री के परिवहन कार्य के हेतु (क) बसों (ख) खुली बॉडी ट्रकों, टाटा एस वाहन, डी–आई, वाहनों की व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी निविदाकर्ता परिशिष्ट ''ब'' के प्रपत्र ''क'' अथवा ''ख'' अथवा दोनों श्रेणियों के लिये दरें प्रस्तुत कर सकता है।

2. परिवहन कार्य हेतु निविदाऐं दिनांक 08.09.26 को समय दोपहर 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता निविदा हेतु दरें प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित निम्नानुसार शर्तो का भलीभांति अध्ययन कर लें। निविदा प्रपत्र मण्डल की वेबसाईट www.cgbse.nic.in से भी डाऊनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रस्तुतकर्ता रूपये 1000/– का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक अथवा मण्डल द्वारा अधिकृत बैंक यूको बैंक पेंशन बाड़ा रायपुर से चालान, निविदा के साथ संलग्न कर सकता है।

3. निविदा प्रपत्र में आवेदन के साथ निविदाकार को निम्नलिखित प्रपत्रों की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा:–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | सुरक्षानिधि राशि ..............................बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक क्रमांक.................................. | |
| 02 | निविदाकर्ता के फर्म का नाम एवं पता | |
| 03 | रजिस्टार ऑफ कम्पनी/फर्म एवं सोसायटी/नगर निगम से फर्म का पंजीयन | |
| 04 | वाहन का पंजीयन, वाहन का फिटनेस, वाहन का इंश्योरेन्स एवं वाहन परिचालन का परमिट। | |
| 05 | पेन नंबर | |
| 06 | जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन नंबर एवं भुगतान का प्रमाण पत्र। | |
| 07 | आयकर चुकता प्रमाण पत्र की छायाप्रति (2023–24, 2024–25, 2025–26) | |
| 08 | 02 बस , 02 ट्रक निविदाकर्ता के नाम से अथवा किसी अन्य फर्म के साथ जिनके स्वयं के नाम का वाहन हो से 01 वर्ष के लिये अनुबंधित हो साथ ही अनुबंध संबंधी स्टाम्प पेपर की छायाप्रति , वाहन का पंजीयन, वाहन का फिटनेस, वाहन का इंश्योरेन्स एवं वाहन का परिचालन का परमिट संबंधित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। | |

Scanned with OKEN Scanner

**(02) कार्य का स्वरूपः–**

मण्डल की गोपनीय सामग्रियों का परिवहन कार्य प्रदेश के सभी जिलों में किये जाने हेतु (क) बसों (ख) खुली बॉडी ट्रकों तथा टाटा एस, डी– आई वाहन की व्यवस्था के लिये परिशिष्ट ''ब'' में उल्लेख किया गया है।

**(03) निविदा हेतु तिथियॉः–**

1. निविदा विक्रय दिनांक 03.08.26 को कार्यालयीन समय में प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 08.09.26 को अपरान्ह 01:00 बजे तक।
2. निविदा आमंत्रण दिनांक 08.09.26 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि 08.09.26 को सायं 04:00 बजे।

**(04) निविदा प्रपत्र का विक्रयः–**

निर्धारित निविदा प्रपत्र रूपये 1000/– का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो सचिव, छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के नाम से देय हो, जमा कर मण्डल के वाहन कक्ष से कार्यालयीन समय में दिनांक 08.09.26 को दोपहर 01:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

**(05) निविदा का आमंत्रणः–**

निर्धारित निविदा प्रपत्र निविदा दिनांक .................. को अपरान्ह 03:00 बजे तक मण्डल के एकीकृत भवन के भू– तल में उपसचिव (प्रशासन) के कक्ष क0 06 में निम्नानुसार जमा की जा सकती हैः–

1. एक बड़े सीलबंद लिफाफे पर जिसके ऊपर निविदा क्रमांक/ /वाहन/2026 दिनांक . ........................ के लिए मण्डल के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों तथा, बसों, टाटा एस, डी–आई, वाहन की व्यवस्था के लिए दरें लिखा जावे।

2. उपर्युक्त बड़े लिफाफे में तीन लिफाफे रखे जायेंगेः–

   (01) लिफाफा ''अ'' सुरक्षा निधि राशि से संबंधित लिफाफा जिसमें निविदा परिशिष्ट ''अ'' अनुसार जानकारियॉ एवं संबंधित दस्तावेज।

   (02) लिफाफा ''ब'' दरों से संबंधित लिफाफा (बस की दर संबंधी प्रपत्र ''क'' और ट्रक की दर संबंधी प्रपत्र ''ख'' अलग– अलग लिफाफे में रखा जावे।)

3. सुरक्षा निधि राशि रूपये 1,00000/– (अक्षरी एक लाख रूपये मात्र ) का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का एकाउन्ट पेयी बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो सचिव, छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के पक्ष में जारी हुआ हो, को लिफाफा ''अ'' के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

4. निविदा मुहर बंद लिफाफे में दिनांक .................. को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित समयावधि में व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि अथवा पंजीकृत डाक अथवा पी एंड टी विभाग से अधिकृत कोरियर के माध्यम से निविदा को जमा करना होगा। व्यक्तिगत अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से निविदा मण्डल के एकीकृत भवन, भू–तल में उप सचिव (प्रशासन) के कक्ष क0 06 में रखे टैंडर बाक्स में डाली जायेगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की

Scanned with OKEN Scanner

जावेगी। दिनांक......................को........................बजे निविदा लिफाफे समिति के समक्ष खोले जायेंगे, जिसमें निविदाकर्ता स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

5. निविदा मण्डल द्वारा निर्धारित किये गये प्रारूप पर ही प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। निविदायें मण्डल की वेबसाईट www.cgbse.nic.in से भी डाऊनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रस्तुतकर्ता रूपये 1,000/- (अक्षरी एक हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक यूको बैंक पेंशनबाड़ा में जमा रूपये 1000/- के चालान की प्रति इस हेतु निविदा के साथ संलग्न करेगा।

**(06) निविदा खोलने की प्रकिया :-**

प्राप्त निविदायें दिनांक ०४.०१.२६ कार्यालयीन समय में ०५.०० बजे उपस्थित निविदाकर्ता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष वाहन व्यवस्था के लिए गठित समिति द्वारा निम्नानुसार खोली जावेगी:-

1. सर्वप्रथम लिफाफा "अ" खोला जावेगा तथा नियमानुसार आवेदन शुल्क एवं सुरक्षा निधि राशि 1,00000.00 (एक लाख रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक तथा निविदा में मांगी गयी जानकारियों से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण वाहन व्यवस्था के लिए गठित समिति द्वारा किया जावेगा।

2. समस्त दस्तावेजों एवं राशि मण्डल द्वारा निर्धारित शर्तो के अनुसार पाये जाने पर ही निर्धारित योग्यता/मापदण्ड की पूर्ति करने वाले निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरों से संबधित लिफाफा "ब" खोला जावेगा।

3. निविदा में प्रदाय की जाने वाली गोपनीय परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों, टाटा एस, डी-आई वाहन की व्यवस्था के लिए दरें टंकित/स्वच्छ लिखित एवं स्पष्ट होनी चाहिऐ। दरों में कांट-छांट (ओव्हर राईटिंग) तथा दो प्रकार की दरें होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है।

4. इस निविदा के तहत् मण्डल के गोपनीय कार्य परिवहन हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों, टाटा एस, डी-आई की वाहन की व्यवस्था के लिए विवरण परिशिष्ट "ब" में प्रदर्शित किया गया है।

5. निविदा प्रस्तुत करने पर यह माना जायेगा की निविदाकर्ता को निविदा की सभी शर्ते मान्य व स्वीकार्य है।

6. एक निविदाकार की एक ही निविदा स्वीकार की जावेगी।

**(07) निविदा स्वीकार करने की प्रकिया:-**

1. प्राप्त न्यूनतम दर के आधार पर एल-1 वाहन व्यवस्था के लिए गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर मण्डल द्वारा सफल निविदाकर्ता का चयन किया जावेगा।

2. मण्डल के गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों, बसों, टाटा एस, डी-आई वाहन की व्यवस्था सफल निविदाकर्ता फर्म स्वयं करेगी। कोई भी निविदाकर्ता (क)

Scanned with OKEN Scanner

बसों (ख) खुली बॉडी ट्रकों, बसों, टाटा एस, डी–आई वाहन आदि में से (क) एवं (ख) दोनों अथवा किसी एक के लिये अपनी दरें प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त न्यूनतम दर के आधार पर परिवहन विभाग के परिवहन नियमों का पालन करना होगा। वाहन व्यवस्था के लिए गठित समिति द्वारा (क) और (ख) की दरों में अलग–अलग तुलना कर न्यूनतम दरों की अनुशंसा के आधार पर मण्डल द्वारा सफल निविदाकर्ता का चयन किया जावेगा। यदि निविदाकर्ता केवल बसों की व्यवस्था हेतु दरें प्रस्तुत करता है तो 02 बस , 02 ट्रक निविदाकर्ता के नाम से अथवा किसी अन्य फर्म के साथ जिनके स्वयं के नाम का वाहन हो से 01 वर्ष के लिये अनुबंधित हो साथ ही अनुबंध संबंधी स्टाम्प पेपर की छायाप्रति , वाहन का पंजीयन, वाहन का फिटनेस, वाहन का इंश्योरेन्स एवं वाहन का परिचालन का परमिट संबंधित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है।

3. निविदा प्रस्ताव स्वीकार होने की लिखित सूचना के एक सप्ताह के अंदर सफल निविदाकर्ता को मण्डल के द्वारा निर्धारित शर्तो के अनुसार रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर अनुबंध करना आवश्यक होगा।

4. निर्धारित अवधि में अनुबंध न करने की स्थिति में न्यूनतम दर वाले निविदाकर्ता के स्थान पर द्वितीय न्यूनतम दर वाले निविदाकर्ता के संबंध में विचार किया जायेगा तथा प्रथम न्यूनतम दर वाले निविदाकर्ता की अमानत राशि राजसात (जप्त) कर ली जावेगी।

5. प्रस्तावति दरें, अनुबंध की दिनांक से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगी। किन्तु एक वर्ष तक वाहन व्यवस्था करने के लिये मण्डल बाध्य नहीं होगा। अनुबंध की अवधि में किसी भी परिस्थिति में दरों में बढ़ोत्तरी संभव नहीं होगा। आवश्यक होने पर अतिरिक्त कार्य देने का अधिकार मण्डल को होगा, परन्तु यह निविदाकर्ता का स्वत्व या हक नहीं माना जायेगा।

6. निविदाकर्ता फर्म द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर यदि वाहन व्यवस्था नहीं की गई तो निविदाकर्ता से पेनाल्टी 10 प्रतिशत निर्धारित की गई तिथि के पश्चात् से वसूल की जावेगी।

7. निविदाकर्ता द्वारा लगाया गया वाहन यदि दुर्घटनाग्रस्त होता है अथवा दुर्घटना करता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी। (वाहन का बीमा, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट व फिटनेस संबंधित दस्तावेज, जीवित रोड पंजीयन होना आवश्यक है।)

8. प्रस्तावित दरों में समस्त कर (दरें ड्रायवर, क्लीनर, डीजल, पेट्रोल तथा लोडिंग, अनलोडिंग, हाल्टिंग चार्ज टोल टैक्स एवं जी0एस0टी0) तथा समस्त अन्य करों सहित) अतः वाहन व्यवस्था करने के पश्चात् अनुबंधित दर के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान संभव नहीं होगा।

9. प्राप्त न्यूनतम दर के आधार पर मण्डल की गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु कार्य सुविधा के दृष्टिकोण से वाहनों की व्यवस्था के लिए अनुबंध एक या उससे अधिक निविदाकर्ता से करने हेतु मण्डल स्वतंत्र होगा।

**(08) सुरक्षा निधिः–**

निविदा प्रस्ताव स्वीकार होने पर सफल निविदाकर्ता की निविदा के साथ जमा अमानत राशि रूपये 1,00000/– (अक्षरी एक लाख रूपये मात्र) सुरक्षा निधि के रूप में अनुबंध की अवधि तक मण्डल में जमा रखा जावेगा। जिस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। असफल निविदाकर्ताओं की अमानत राशि निविदा खोले जाने की तिथि से 25 दिवस के भीतर वापिस की जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner

## (09) वाहन व्यवस्था करने की प्रकियाः–

1. स्वीकृत अनुबंध की दर पर अनुंधित फर्म/ निविदाकर्ता से मण्डल द्वारा आवश्यकतानुसार मण्डल की गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य प्रदेश के सभी जिलों हेतु खुली बॉडी ट्रकों , बसों टाटा एस, डी–आई, वाहनों की व्यवस्था की जाना है।

2. मण्डल की गोपनीय सामग्रियों के परिवहन कार्य हेतु खुली बॉडी ट्रकों , बसों टाटा एस , डी– आई वाहनों की व्यवस्था के लिए सचिव/उपसचिव द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित इन्डेन्ट (कार्य आदेश) फर्म को प्रदाय कया जावेगा। तदानुसार वाहन व्यवस्था उल्लेखित स्थान पर निश्चित दिनांक तक किया जाना आवश्यक होगा।

3. न्यूनतम दर के आधार पर मान्य किये गये वाहन की आपूर्ति कार्यादेश जारी होने के दिनांक से 03 दिवस के अंदर कार्यादेश में निर्धारित किये गये स्थान पर वाहन व्यवस्था करना होगा। अत्याधिक आवश्यकता पड़ने पर दिये गये आदेशानुसार 24 घंटे के अंदर वाहन की आपूर्ति की जानी होगी। निर्धारित अवधि में वाहन व्यवस्था नहीं करने पर भुगतान राशि में आनुपातिक कटौती की जायेगी अथवा कार्यादेश निरस्त किया जाकर अमानत राशि राजसात (जप्त) किया जा सकेगा।

4. निविदाकर्ता द्वारा जमा की गई अमानत राशि (EMD) निम्नलिखित परिस्थितियों में राजसात्/जप्त की जा सकती है।
   अ. यदि निविदाकर्ता अनुबंधित अवधि में अनुबंध का उल्लंघन करता है।
   ब. यदि निविदाकर्ता किसी कारणवश कार्य पूर्ण करने में असफल होता है।
   स. निर्धारित समयावधि में अनुबंध निष्पादित न करने पर।
   द. कार्य सम्पन्न करने में अनावश्यक विलंब करने पर।
   च. कार्यालयीन आदेश का पालन नहीं करने या आंशिक रूप से पालन करने पर।

5. निविदाकर्ता को कार्य समाप्ति उपरांत दो प्रतियों में देयक कार्यालय सचिव, छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर को प्रस्तुत करना होगा, जिसका परीक्षण उपरांत नियमानुसार राशि का भुगतान किया जावेगा। देयक प्राप्त होने तथा उसके भुगतान में जो युक्तियुक्त समय लगेगा उस बीच की अवधि का ब्याज आदि का भुगतान नहीं किया जावेगा। प्राप्त देयक से नियमानुसार/वाणिज्य कर का कटौत्रा किया जावेगा।

6. भुगतान हेतु प्रस्तुत देयकों में वाहन कमांक अंकित करना अनिवार्य है।

7. समस्त वाहनों का माईलोमीटर चालू अवस्था में होना चाहिये।

8. वाहन में प्रारंभ स्थान से गन्तब्य स्थान तक मीटर रिडिंग अनुसार किलोमीटर का प्रमाणीकरण देयक के साथ लगाना अनिवार्य है। वाहन कमांक अंकित न होने पर देयक का भुगतान नहीं किया जावेगा, जिसका उत्तरदायित्व निविदाकर्ता का होगा।

9. सादे कागज/लेटर पैड पर देयक मान्य नहीं होगा। बिल बुक में बिल प्रस्तुत किया जावेगा।

10. उपरोक्त समस्त शर्ते तथा मापदण्ड पूर्ण होने के बावजूद भी मण्डल के हित में तथा परिस्थिति जन्य कारणों से निविदा निरस्त करने या पुनः निविदा आमंत्रित करने का अधिकार मण्डल में सुरक्षित होगा।

Scanned with OKEN Scanner

11. निविदाकर्ता फर्म को किसी शासकीय/अर्धशासकीय /अशासकीय संस्था से अपात्र (Black - Listed) अथवा काली सूची में न रखा गया हो, का घोषणा पत्र शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। शपथ पत्र का नमूना संलग्न है। (परिशिष्ट ''ब'')

12. निविदाकर्ता फर्म के पास शासकीय/अर्धशासकीय/अशासकीय संस्थाओं में परिवहन (बस/ट्रक) कार्य करने का अनुभव संबंधी कार्य आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

**(10) विवाद की स्थितिः–**

1. किसी भी विवाद की स्थिति में अध्यक्ष, छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल , रायपुर का निर्णय अंतिम होगा।
2. उक्त निविदा के तहत् अनुबंध रायपुर में होगा। अतः किसी भी न्यायालयीन विवाद हेतु कार्य क्षेत्र रायपुर सीमित होगा।
3. निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ होगा कि निविदाकर्ता को उपर्युक्त सभी नियम एवं शर्ते मान्य एवं बंधनकारी है।

3/8/26

**सचिव**
**छ0ग0माध्यमिक शिक्षा मण्डल,**
**रायपुर**

Scanned with OKEN Scanner